Dainik Bhaskar 19/05/2014

'एप्लाइड स्किल्स' योजना से रोजी रोटी कमाने लायक बनेंगे छात्र

चंडीगढ़ | स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों के लिए 'एप्लाइड स्किल्स' नामक योजना लागू की है। करीब 240 सीनियर सेकंडरी स्कूलों में लागू किए गए इस कार्यक्रम से छात्र पढ़ाई के बाद अपनी रोजी-रोटी कमाने लायक बन सकेंगे। शिक्षा विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को रिटेल, ऑटो मोबाइल, सुरक्षा, आईटी, ब्यूटी एंड वैलनेस, मरीज देखभाल सहायक, शारीरिक शिक्षा एवं खेल जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। फिलहाल इनमें से दो ही स्किल डवलपमेंट प्रोग्राम को लागू किया गया है। योजना में हाल ही में किए गए बदलावों के तहत सभी सरकारी सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त स्कूलों को वोकेशनल शिक्षा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके तहत विद्यार्थियों को कोर्स के दो स्तर सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर 6500 रुपए का अनुदान दिया जाएगा। वोकेशनल कोर्स की 25 प्रतिशत सीटें सरकारी सहायता प्राप्त और प्राइवेट स्कूलों के जरिए भरी जाएंगी।

सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों को मिलेगा योजना से लाभ

सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्प संख्ब्यक, विशेष सहायता प्राप्त बच्चे और गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले बच्चों को अनुदान दिया जाएगा। इनमें 50 फीसदी लड़कियां होनी जरूरी हैं।